Ans. (b) : राजस्थान में 1857 की क्रांति का सबसे बड़ा विद्रोह कोटा में 15 अक्टूबर 1857 को हुआ है। इस समय कोटा का शासक महाराव रामसिंह द्वितीय था। यहाँ अग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह में राजकीय सेना ने कोटा के पॉलिटिकल एजेंट मेजर बर्टन उसके दो पुत्रों आर्थर व फ्रैंकलीन तथा डॉ. सैडलर कौटम की हत्या कर दी। विद्रोहियों का नेतृत्व जयदयाल तथा मेहराब खाँ कर रहें थें।

509. 1857 के विद्रोह के दौरान किस स्थान पर मेजर बर्टन की हत्या हुई?

(a) जोधपुर (b) कोटा
(c) ऐरिनपुरा (d) नसीराबाद

RPSC, Ajmer Exam Date-11-04-2015
MVSI-2013
MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) भर्ती परीक्षा-2019
प्राध्यापक (Gen. Awareness & Gen. Studies)-2018

Ans. (b) : राजस्थान में 1857 की क्रान्ति का आरम्भ 28 मई 1857 को नसीराबाद (अजमेर) से हुआ। मेहराव खान पठान तथा लाला जयदयाल ने इस क्रान्ति का 'कोटा' में नेतृत्व किया। 15 अक्टूबर 1857 के दिन कोटा में मेजर बर्टन तथा उसके दो पुत्रों की हत्या कर दी गयी। हत्या के बाद मेजर बर्टन के कटे सिर को पूरे शहर में घुमाया गया था।

510. 1857 की क्रांति के दौरान (देशी रियासत – पॉलिटिकल एजेंट) का कौनसा युग्म, असंगत है?

(a) उदयपुर – सी. एल. शॉवर्स
(b) जयपुर – कर्नल ईडन
(c) बीकानेर – कैप्टेन जे. डी. हॉल
(d) जोधपुर – मैक मेसन

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (c) : देशी राज्यों पर नियंत्रण रखने के लिए विभिन्न रियासतों में पॉलिटिकल एजेंटों की नियुक्ति की गई थी, जो इस प्रकार है–

देशी रियासत	**पॉलिटिकल एजेंट**
उदयपुर	सी.एल. शॉवर्स
जयपुर	कर्नल ईडन
जोधपुर	मैक मेसन
सिरोही	कैप्टेन जे.डी. हॉल
कोटा	मेजर बर्टन
भरतपुर	मेजर निक्सन

511. 1857 की क्रांति के दौरान डूंगरपुर का शासक कौन था, जिसने अंग्रेजों की सहायता की थी?

(a) फतेह सिंह (b) जसवंत सिंह II
(c) उदय सिंह II (d) विजय सिंह

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (c) : 1857 की क्रांति के दौरान डूंगरपुर का शासक उदय सिंह द्वितीय था। इन्होंने क्रांतिकारियों के विरूद्ध अंग्रेजों की सहायता की थी। राजस्थान में 1857 की क्रांति की शुरूआत नसीराबाद छावनी से हुई थी।

512. करौली राज्य ने 1857 के विद्रोह के दौरान किस राज्य की सहायता हेतु अपनी सेना भेजी?

(a) मेवाड़ (b) कोटा
(c) जयपुर (d) जोधपुर

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (b) : करौली राज्य में 1857 के बिद्रोह के दौरान कोटा राज्य की सहायता हेतु अपनी सेना भेजी थी। मेजर जनरल P रॉबर्ट्स 30 मार्च, 1858 को कोटा को विद्रोहियों से मुक्त करवा दिया।

513. 1857 की क्रांति में, अंग्रेज एवं जोधपुर राज्य की संयुक्त सेना को किसने पराजित किया था

(a) ठाकुर कुशाल सिंह ने (b) तात्या टोपे ने
(c) जयदयाल ने (d) रावत केसरी सिंह

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (a) : 1857 की क्रान्ति में अंग्रेज एवं जोधपुर की संयुक्त सेना को ठाकुर कुशाल सिंह ने पराजित किया था। जोधपुर के शासक तख्तसिंह के विरूद्ध वहाँ के जागीरदारों में घोर असन्तोष व्याप्त था। इन विरोधियों का नेतृत्व आउवा के जागीरदार ठाकुर कुशाल सिंह ने किया था।

514. राजस्थान में क्रांति का प्रारम्भ 28 मई 1857 को नसीराबाद छावनी के किन सैनिकों द्वारा हुआ?

(a) राजपूताना राइफल्स (b) बंगाल नेटिव इन्फैन्ट्री
(c) गोरखा राइफल्स (d) कुमायूँ रेजीमेन्ट

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (b) : राजस्थान में 1857 के सैनिक विद्रोह की शुरूआत नसीराबाद छावनी में 28 मई, 1857 को 15वीं बंगाल नेटिव इन्फेंट्री के सैनिकों द्वारा की गयी। 2 दिन बाद 30वीं बंगाल नेटिव इन्फेंट्री भी इसमें शामिल हो गयी। सैनिकों ने मिलकर छावनी में लूटपाट की तथा अंग्रेजी अफसरों के मकानों पर धावा बोल दिया। बाद में सैनिकों ने दिल्ली की ओर कूच किया।

515. निम्न में से किस रियासत ने 1857 की क्रांति के दौरान अंग्रेजों की सहायता नहीं की?

(a) टोंक (b) धौलपुर
(c) बीकानेर (d) कोटा

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (d) : 1857 की क्रांति के दौरान राजस्थान की कोटा रियासत ने अंग्रेजो की कोई सहायता नही की थी। कोटा में राजकीय सेना व आम जनता ने अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष किया। राजस्थान में कोटा सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र था। विद्रोही सेना का नेतृत्व रिसालदार मेहराब खाँ व लाला जयदयाल कर रहे थे 30 मार्च 1858 को जनरल रॉबर्ट्र्स के नेतृत्व में एक सेना ने कोटा को विद्रोहियो से मुक्त करवाया।

516. 1857 में आउवा ठाकुर के विद्रोह के समय जोधपुर का महाराजा कौन था?

(a) मान सिंह (b) जसवंत सिंह द्वितीय
(c) तखत सिंह (d) भीम सिंह

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (c) : 1857 के विद्रोह के समय जोधपुर का महाराज तख्त सिंह था। तख्त सिंह के विरूद्ध वहाँ के जागीरदारों में घोर असंतोष व्याप्त था। अतः उन्होंने आउवा के ठाकुर कुशाल सिंह के नेतृत्व में विद्रोह कर दिया। इसी समय जोधपुर लीजियन की सैनिक टुकड़ी ने भी विद्रोह कर दिया। चूँकि कुशाल सिंह अंग्रेज विरोधी था अत; उसने इन विद्रोहियों को भी अपने साथ मिला लिया।

517. अजमेर की कौन सी महिला राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता थी जिन्हें उनकी गतिविधियों के कारण मेवाड़ एवं बूंदी राज्यों से निर्वासन किया गया?